ई मेल : tolicshimla@gmail.com

भारत सरकार/Govt. of India

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय)

Town Official Language Implementation Committee(Offices)

मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, रेलवे बोर्ड भवन, दि माल, शिमला

O/o The Chairman, TOLIC & Chief Commissioner of Income Tax, Railway Board Building, Shimla.

फा.सं.:मु.आ.आ./नराकास/2017–18/ 109   दिनाँकः 23/01/2018

सेवा में,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति शिमला **(नाम से)**
के सभी सदस्य

विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन– दिनांक 20/02/2018 को अपराह्न 3-00 बजे

महोदय/महोदया,

मुझे यह अनुरोध पूर्वक अवगत कराने का निदेश हुआ है नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, शिमला की बैठक दिनांक 20/02/2018 को अपराह्न 3-00 बजे **मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, रेलवे बोर्ड भवन के सम्मेलन कक्ष, दि माल रोड़, शिमला में श्रीमती सोनाली अरोड़ा,मुख्य आयकर आयुक्त (हि.प्र.) शिमला, एवं अध्यक्ष नराकास, शिमला की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है।** समिति का सम्मानीय सदस्य होने के कारण आप इस बैठक में भाग लेने के लिए सादर आमंत्रित है।

सरकार के आदेशों के अनुसार समिति की बैठकों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा स्वयं भाग लेना अनिवार्य है। संसदीय राजभाषा समिति ने भी अपने दौरे के दौरान यह निदेश दिया है कि समिति की बैठकों में कार्यालय प्रमुख अनिवार्य तौर पर स्वंय उपस्थित हों। संसदीय समिति के निदेशानुसार अनुपस्थित रहने वाले कार्यालय प्रमुखों की सूचना एक सप्ताह के भीतर संसदीय समिति को भेजी जानी है। अतः आपका बैठक में स्वंय भाग लेना अनिवार्य है।

कृपया बैठक में चर्चा के लिए अपने कार्यालय की छमाही रिपोर्ट यदि अभी तक नहीं भेजी गई है तो शीघ्र भेजें|

कृपया दिनांक 10/02/2018 तक फैक्स नं. 0177–2653674/2803131 अथवा ई–मेल tolicshimla@gmail.com पर बैठक में भाग लेने की पुष्टि भी करें ताकि बैठने की उचित व्यवस्था की जा सके। बैठक की कार्य सूची संलग्न है।

भवदीय,

(अनिल त्रिपाठी)
वरिष्ठ अनुवादक
नराकास, मुख्यालय
शिमला

प्रति श्री प्रमोद कुमार, उप-निदेशक ;कार्यान्वयन, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, ए-149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली-110023 को। इस अनुरोध के साथ कि आप बैठक में भाग लेने की कृपा करें।

(अनिल त्रिपाठी)
वरिष्ठ अनुवादक
नराकास, शिमला
मोबाईल नं. : +917972526247

कार्य सूची

1. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा।
2. सदस्य कार्यालयों की छमाही रिपोर्टों की समीक्षा।
3. वार्षिक कार्यक्रम 2017-18 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर चर्चा।
4. वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन पर चर्चा।
5. नराकास ,शिमला की गृह पत्रिका यात्रा के आगामी अंक के प्रकाशन पर चर्चा |
6. सदस्य कार्यालयों से प्राप्त अंशदान पर चर्चा ।
7. अन्य सूचनाएं एवं सुझाव।